लामतिये -2024

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में भारतीय सेना की टुकड़ी ने **सेशेल्स रक्षा बलों (Seychelles Defence Forces- SDF)** के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास **"लामतिये -2024 (LAMITIYE-2024)"** के **10वें संस्करण** में भाग लिया।

- LAMITIYE, जिसका अर्थ क्रियोल भाषा में 'मैत्री' है (सेशेल्स में आधिकारिक भाषाओं में से एक) **2001 से एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम** रहा है।
- **उद्देश्य:** संयुक्त सैन्य अभ्यास का उद्देश्य **शांति स्थापना संचालन पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर** के अध्याय VII के तहत अर्ध-शहरी परिदृश्य में उप-पारंपरिक संचालन में अंतर संचालन को बढ़ाना है।
- **गतिविधियाँ:** प्रशिक्षण अभ्यास, युद्ध परिचर्चा, व्याख्यान और प्रदर्शन करना।
- **महत्त्व:** द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण और प्रचार, कौशल तथा अनुभवों का आदान-प्रदान करना।
- **सेशेल्स** मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में हिंद महासागर में एक द्वीपीय राष्ट्र है। यह देश अपने समुद्र तटों, मूँगा चट्टानों, प्रकृति भंडार एवं विशाल अल्दाबरा कछुओं सहित दुर्लभ प्रजातियों के लिये जाना जाता है।
    - **अल्दाबरा एटोल**, एक **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** तथा यह विश्व का सबसे बड़ा मूंगा एटोल है और साथ ही विश्व में सबसे बड़ी विशाल कछुआ आबादी का आवास भी है।

//

और पढ़ें...भारत-सेशेल्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/lamitiye-2024